ग्राम पंचायत अमरमऊ सचिव निलंबित

कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान पंचायत में जगह-जगह गंदगी पाए जाने एवं साफ-सफाई की नहीं थी कोई व्यवस्था

नवभारत न्यूज
(नितिन त्रिवेदी)

शाहगढ़ 4 फरवरी. ग्राम पंचायत अमरमऊ में पंचायत भवन की पुताई, साफ-सफाई और मजदूरी के नाम पर हुए कथित फर्जी खर्च को लेकर अक्टूबर माह में नवभारत में प्रकाशित खबर का अब असर दिखा है. कलेक्टर के निरीक्षण में ग्राम पंचायत में भारी गंदगी और कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर ग्राम पंचायत अमरमऊ के सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 जनवरी को कलेक्टर संदीप जी.आर एवं जिला पंचायत सीईओ विवके केव्ही द्वारा ग्राम पंचायत अमरमऊ का निरीक्षण किया गया.

निरीक्षण के दौरान पंचायत में जगह-जगह गंदगी पाए जाने और साफ-सफाई की कोई व्यवस्था न होने पर ग्राम पंचायत सचिव सोवत यादव को उनके पदीय दायित्वों के निर्वहन में दोषी पाया गया. जिला पंचायत द्वारा जारी आदेश के अनुसार सचिव का यह कृत्य घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता तथा वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में आता है. इसे गंभीर कदाचार मानते हुए मध्यप्रदेश पंचायत सेवा नियम 1999 के तहत श्री यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है. निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत शाहगढ़ रहेगा तथा वे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते के पात्र होंगे.

पंचायत भवन पुताई में 100 किलो पेंट

शाहगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत अमरमऊ का मामला, पुताई में मजदूरी में खर्च 9800 रुपए

नवभारत न्यूज

शाहगढ़ 26 अक्टूबर. शाहगढ़ विकासखंड के अमरमऊ ग्राम पंचायत भवन की पुताई सफाई और पेंटिंग में कागजों पर किए गए खर्च की शिकायत सामने आने पर जनपद पंचायत सीओ ने मामले की जांच कराने की बात कही है.

मालूम हो कि दीपावली के पूर्व ग्राम पंचायत अमरमऊ भवन को रंगाई-पुताई और सफाई कराई गई या न कराई यह तो जांच का विषय है, मगर इस पर हुए खर्च के बिल जो सामने आए हैं उसमें तो भ्रष्टाचार की बू आ रही है. भवन की पुताई के लिए शाहगढ़ के ही एक पेंट विक्रेता द्वारा जारी किए गए बिल के अनुसार एशियन पेंट के 10 डिब्बे अर्थात 100 किलो और बिरला कंपनी की पुट्टी 10 किलो पर जीएसटी सहित 27,966 रुपए का बिल सरपंच-सचिव ग्राम पंचायत अमरमऊ को जारी किया गया है. तो वहीं प्रकाश नाम के व्यक्ति द्वारा लिखी गई रसीद पर सरपंच और सचिव के हस्ताक्षर से बताया गया है कि पंचायत भवन अमरमऊ की पुताई-सफाई एवं पेंट मजदूरी की राशि 9800 रुपए संबंधित के खाते में भेजी गई है.

ग्राम पंचायत में साफ-सफाई पर 17 हजार खर्च

जानकारी के अनुसार 17 अक्टूबर 2025 को जारी उपरोक्त दोनों बिलों के साथ ही एक अन्य बिल भी लगाया गया है जिसमें ग्राम की साफ-सफाई और कचरा उठवाने तथा ट्रेक्टर-भाड़ा मजदूरी पर 17 हजार रुपए खर्च कर दिए गए हैं. अमरमऊ पंचायत में ट्रेक्टर द्वारा 20 चक्कर लगाया जाना बताया गया है. जबकि हकीकत यह है कि गांव में कचरा आज भी यहां पड़ा है तो पंचायत भवन की कागजों पर हुई पुताई की चर्चा भी जोरो पर चल रही है. पंचायत भवन की फोटो से भी स्पष्ट समझ में आ रहा है कि पुताई नहीं हुई है क्योंकि भवन की बाउंड्रीवॉल पर अभी संदेशानात्मक स्लोगन लिखे रह गए हैं जो पुताई में साफ भी नहीं हो सके हैं. तो वहीं नाली निर्माण में गुणवत्ता की हकीकत भी जल्द सामने आने लगी और चार दिन में गिट्टी रेता बाहर आ गई. जब पंचायत के पंचों से भी पुताई के संबंध में जानना चाहा गया तो उन्होने कहा कि पता नहीं.

अमरमऊ पंचायत भवन में प्रस्तुत बिलों की शिकायत जब जनपद पंचायत शाहगढ़ की सीओ पूजा सोलंकी के संज्ञान में लायी गई तो उन्होने कहा है कि मामले की जांच कराते हैं.

नवभारत ने 5 माह पहले की थी खबर प्रकाशित

गौरतलब है कि नवभारत ने 26 अक्टूबर 2025 को **पंचायत भवन पुताई में 100 किलो पेंट** शीर्षक से खबर प्रकाशित कर ग्राम पंचायत अमरमऊ में कागजों पर किए गए खर्चों को उजागर किया था. खबर में बताया गया था कि दीपावली के पूर्व पंचायत भवन की पुताई, सफाई और पेंटिंग कराए जाने के नाम पर भारी भरकम राशि के बिल लगाए गए, जबकि जमीनी हकीकत इससे उलट नजर आई. खबर के अनुसार शाहगढ़ के एक पेंट विक्रेता द्वारा एशियन पेंट के 10 डिब्बे यानी 100 किलो तथा बिरला कंपनी की 10 किलो पुट्टी पर जीएसटी सहित 27 हजार 966 रुपए का बिल सरपंच-सचिव ग्राम पंचायत अमरमऊ को जारी किया गया. वहीं प्रकाश नामक व्यक्ति की रसीद में पंचायत भवन अमरमऊ की पुताई, सफाई एवं पेंट मजदूरी के नाम पर 9800 रुपए भुगतान किए जाने का उल्लेख है, जिस पर सरपंच एवं सचिव के हस्ताक्षर दर्ज हैं. इतना ही नहीं, 17 अक्टूबर 2025 को जारी एक अन्य बिल में ग्राम पंचायत में साफ-सफाई, कचरा उठवाने और ट्रैक्टर-भाड़ा मजदूरी के नाम पर 17 हजार रुपए खर्च किए जाने की बात सामने आई. दस्तावेजों में गांव में ट्रैक्टर के 20 चक्कर लगाने का उल्लेख किया गया, जबकि वास्तविकता यह रही कि गांव में आज भी कचरा फैला हुआ है. पंचायत भवन की स्थिति भी पुताई न होने की गवाही दे रही थी, क्योंकि भवन की बाउंड्रीवाल पर पुराने संदेशात्मक स्लोगन जस-के-तस लिखे मिले, जो पुताई होने पर मिट जाने चाहिए थे.

पेयजल स्त्रोतों की साफ-सफाई कराई जाए

मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष ने कहा, इंदौर की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो

नवभारत न्यूज

सागर 4 फरवरी. मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि इंदौर की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए नगर निगम, जिला प्रशासन लगातार कार्य करें एवं कुआं, हैंडपंप, पानी की टंकी सहित अन्य पेयजल के स्त्रोतों की साफ सफाई लगातार की जावे, कहीं भी लीकेज न हो इसके भी विशेष प्रयास किया जावे, लीकेज होने पर पानी दूषित होता है और इसी से बीमारियां बढ़ती हैं.

उन्होंने समाज को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि मानव अधिकारों का संरक्षण करना मानवाधिकार आयोग का प्रमुख कर्तव्य है इसके लिए लगातार कार्य करें. उन्होंने कहा कि समाज में समस्त सशक्तिकरण के लिए मानव अधिकार आयोग के द्वारा लगातार सुनिश्चिता रखनी चाहिए एवं यह अधिकार हमारे संविधान में गारंटी रूप में प्रदान किया गया है, उन्होंने डॉगबाइट के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सजग सतर्क रहकर कार्य करें और मानव अधिकारों को सशक्त बनाएं. कमिश्नर अनिल सुचारी ने संभाग की स्थिति के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की.

> मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने निर्देश दिए कि मानव अधिकारों से संबंधित सभी प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जावे एवं किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए भी लगातार मॉनिटर रखें और संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग को बढ़ाएं. राजस्व रिकॉर्ड का डिजिटाइजेशन करें एवं राजस्व रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण भी किया जाए जिससे कि हितग्राहियों द्वारा मांगी गई राजस्व की नकल को समय सीमा में प्रदान किया जा सके.

एक नजर में

कौटिल्य आर्थिक क्लब के तहत प्रतियोगिताएं

सागर. शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में कौटिल्य आर्थिक क्लब के तत्वाधान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. पोस्टर निर्माण में छात्राओं ने पाठ्यक्रम आधारित चित्रों का निर्माण किया. प्राचार्य डॉ आनंद तिवारी ने कहा कि इन सब के साथ में आप सबको अपने नैतिक मूल्यों एवं संस्कृति को बनाए रखने की आवश्यकता है. विभागाध्यक्ष डॉ. बिंदु श्रीवास्तव एवं डॉ.अंजना चतुर्वेदी ने छात्राओं को संबोधित किया. संचालन श्रीमती दुर्गेश नंदनी गायकवाड, आभार डॉ. मनीषा शर्मा ने माना. कार्यक्रम में समस्त छात्राओं की सहभागिता रही.

गो सेवकों ने खिमलासा में लगाया चक्काजाम

बीना. खिमलासा में गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर गो सेवकों ने नारायणी मंदिर तिराहा पर चक्काजाम कर दिया. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे अब तक 152 बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है. गोसेवक हरकिशन सेन ने बताया कि गौचर भूमि पर कब्जा होने के कारण गायों के लिए चारा कम पड़ रहा है. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर गायों की अकाल मृत्यु या सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी. चक्काजाम की खबर मिलते ही खिमलासा थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल मौके पर पहुंचे, उन्होंने खुरई एसडीएम मनोज चौरसिया से फोन पर चर्चा की. एसडीएम ने अतिक्रमण हटाने के लिए डेढ़ महीने का समय मांगा और भरोसा दिलाया कि इस दौरान सभी जगहों पर कार्रवाई की जाएगी. इस दौरान जीवन सिंह, नरेंद्र सिंह, रानू सिसोदिया, बृजेश दांगी मौजूद रहे.

कैंसर दिवस पर जागरुकता शिविर

सागर. एडीना कॉलेज द्वारा विश्व कैंसरदिवस पर कनेरागोंद गाँव स्कूल में जागरूकता शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं एक अन्य गाँव में कैंसर जागरूकता को लेकर रैली निकाली गई. इस अवसर पर डॉ. वैषाली यादव, आसमा कोसर एवं सौम्या मलैया उपस्थित रहीं. डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार जैन एवं प्राचार्य डॉ विवेक जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ.

क्रिकेट महाकुंभ : प्रतिदिन हो रहे चार मैच

राहतगढ़. सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम में युवा शक्ति संगठन में चल रहा क्रिकेट महाकुंभ में युवा शक्ति संगठन के जिलाध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत ने कहा कि ना हार की चिंता, ना जीत का घमंड, खेल हमें सिखाता है अनुशासन और स्वाभिमान. सच्चा खिलाड़ी वही है जो जीत में विनम्र और हार में धैर्यवान रहता है. गौरतलब है कि प्रतिदिन चार मैच हो रहे है. मैच के मुख्य अतिथि भवानीशंकर बिलगैया, वीरेंद्र सिंह वीरू ठाकुर, विकास दीक्षित, असलम रंगरेज, संदीप बिलगैया और प्राचार्य राजकुमार कपूर रहे. विजेता उप विजेता टीम को शील्ड प्रदान की. चार मैचों में पहला मुकाबला शानू 11 क्रिकेट क्लब और एएस क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया. जिसमें एएस क्रिकेट क्लब ने मैच जीता, दूसरा मुकाबला में अब्बास 11 और मुस्कान स्टार 2 के बीच हुआ जिसमें अब्बास क्रिकेट क्लब ने जीता था.

स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

सागर 4 फरवरी. आदर्श संगीत महाविद्यालय के 44वें स्थापना दिवस एवं भगवान नटराज की प्रतिमा अनावरण समारोह हुआ. मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि संगीत योग और ध्यान का प्रभावी माध्यम है, जो मन को शांति और आत्मिक संतुलन प्रदान करता है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय समरसता प्रमुख सुनील देव ने रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए. अध्यक्षता डॉ. श्याम मनोहर सिरोठिया ने की. प्रभारी कुलपति प्रो. वाई. एस. ठाकुर ने संगीत शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला. अध्यक्ष सुभाष कण्डया, सचिव सिद्धार्थ शंकर शुक्ला ने जानकारी दी.

रानगिर में सड़क किनारे पेड़ों की कटाई

नवभारत न्यूज

रहली 4 फरवरी. रानगिर क्षेत्र में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है. रानगिर स्थित रेस्ट हाउस और वन चौकी से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर मेन रोड के किनारे कई पुराने और गगनचुबी पेड़ों को काट दिया गया है.

आश्चर्य की बात यह है कि यह घटना मुख्य सड़क पर हुई, फिर भी अब तक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. स्थानीय लोगों के अनुसार कटे हुए पेड़ पुराने थे और पर्यावरण संतुलन के लिए महत्वपूर्ण थे.



सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई आखिर किसकी अनुमति से की गई? क्या वन विभाग के अधिकारियों की जानकारी में यह सब हुआ, या फिर उनकी लापरवाही के कारण यह अवैध कटाई संभव हो पाई?

> लोगों का कहना है कि यदि समय रहते दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो ऐसे मामले आगे भी बढ़ते रहेंगे. प्रशासन से मांग की जा रही है कि पूरे मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए. रानगिर के जंगल में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई पहली घटना नहीं है. इससे पहले भी दक्षिण वन मंडल की रानगिर बीट में अवैध वर्षों की कटाई होती रही है और लीपापोती भी की गई है, इसी का परिणाम है कि लकड़ी चोरों के हौसले बुलंद है और अब जंगल के भीतर से नहीं सड़क किनारे निगरानी सुदा वृक्षों की भी कटाई बेखौफ की जाने लगी है.

स्कूल में दी गई विदाई

राहतगढ़. शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12 वीं की छात्राओं को विदाई दी गई, यह विदाई कार्यक्रम कक्षा 11वीं की छात्राओं ने आयोजित किया. संस्था की छात्राओं ने विदाई गीत एवं स्लोगन की प्रस्तुति से दी. प्राचार्य आरके कपूर ने कहा कि आपके द्वारा स्कूल में मेहनत और संघर्ष ही आपकी सफलता की कहानी होगी. इस दौरान सीएल सेन, कल्पना कपूर, गोपालदास चौरसिया, सीताराम कोरी, मधुलता कोष्ठी, ज्योति चौबे, वैशाली जैन, सुदेश कौशल, कविता जाधव मौजूद थी.

कैंसर दिवस पर सेमिनार का आयोजन

नवभारत न्यूज

सागर 4 फरवरी. आईएमए ने सेमिनार का आयोजन किया, जिसका फोकस ऑन्कोलॉजी यानी कैंसर रोग के विभिन्न प्रकार के मामलों को गहराई से समझने और उनके सबसे प्रभावी, आधुनिक उपचार के तरीकों पर केंद्रित था.

इस विशेषज्ञ सत्र के मुख्य वक्ता नागपुर के ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. सागर भलेराव ने बताया कि शुरुआती निदान में आने वाली मुख्य दिक्कतें क्या होती हैं, सही समय पर सही जांच कैसे करनी चाहिए, आज के आधुनिक उपचार विकल्प कौन-कौन से उपलब्ध हैं, इन उपचारों से कितने प्रतिशत मरीजों को बहुत अच्छे परिणाम मिल रहे हैं. अध्यक्षता डॉ. विजय भास्कर और डॉ. शिवम गौर ने की. मुख्य अतिथि डॉ. आनंद सिंघई ने आयोजन को और अधिक प्रतिष्ठा प्रदान की.

आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया के कैंसर जैसे जटिल रोग के विभिन्न रूपों पर इस प्रकार की विस्तृत, केस-आधारित चर्चा स्थानीय चिकित्सकों के लिए एक नई खिड़की खोलती है. मंच संचालन आईएमए सचिव डॉ रोशी जैन ने किया.

नर्स की गोली मारकर हत्या, आरोपी अज्ञात

शाहगढ़. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एक नर्स की अज्ञात आरोपी द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई है. कारण स्पष्ट नहीं हो सका है.पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप अज्ञात आरोपी ने नर्स दीपशिखा के ऊपर गोली चला दी. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है. पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है.

चार दिवसीय क्रिकेट मुकाबले में सागर ने अपनी स्थिति की मजबूत

नवभारत न्यूज

सागर 4 फरवरी. मप्र क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एम. वाय. मेमोरियल ट्रॉफी के अंतर्गत चार दिवसीय मुकाबला सागर डिवीजन एवं शहडोल डिवीजन के बीच बम्होरी रेंगुआ स्थित क्रिकेट मैदान पर खेला जा रहा है.

मुकाबले में टॉस जीतकर शहडोल डिवीजन ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया. शहडोल डिवीजन ने पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए 117.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 284 रन बनाए. टीम की ओर से लखन ध्यान पटेल ने शतकीय पारी खेलते हुए 114 रन बनाए. उनके अलावा कारण तिवारी ने 54 रन तथा मासूम राजा कैफ ने 53 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली. सागर डिवीजन की गेंदबाजी मेंकप्तान सागर शर्मा ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 5 विकेट झटके, वहीं सिद्धार्थ सिरोठिया ने 2 विकेट लेकर उनका अच्छा साथ निभाया.

ज्ञापन के दौरान पुलिस से झूमा झटकी मामले में प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

सागर 4 फरवरी. कलेक्ट्रेट में एक दिन पूर्व गोपालगंज थाना प्रभारी सहित पुलिस आरक्षकों से ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीणों के द्वारा झूमाझटकी के मामले में पुलिस ने 27 लोगों पर शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है.

जानकारी के अनुसार बीते दिन बहेरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बड़कुआं से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय के भीतर घुसने का प्रयास कर रहे थे तभी गोपालगंज थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा सहित वहां मौजूद पुलिस आरक्षकों ने उन्हें रोका तो पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गई थी.

> इस दौरान महिलाओं और कुछ ग्रामीणों ने पुलिस से झूमाझटकी की थी. हंगामा बढ़ते देख पुलिस ने ग्रामीणों को समझाइश दी और मामले को शांत कराया गया था. इस मामले में पुलिस ने 27 लोगों पर शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है, जबकि पुलिस ने 15 लोगों की पहचान कर ली है. सीएसपी ललित कुमार कश्यप का कहना है कि जबरदस्ती कुछ लोग कलेक्ट्रेट मेन गेट से घुसने की कोशिश कर रहे थे, जिसमें पुलिस द्वारा उनको रोकने का प्रयास किया जा रहा था. इस बीच वो जबरदस्ती गेट के अंदर घुसने लगे और उसी तरह से उन्होंने पुलिस के साथ धक्कामुक्की की एंव शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई.

बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

ललितपुर. थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम जैरवारा में रहने वाले दौलत राम पुत्र बहोरे रजक ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है. बताया कि उसका भाई भैय्यन, भाभी फूलाबाई व भतीजा रतिराम मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एच. 0621 स्पेलेंडर प्लस लेकर बबीना से तालबेहट आ रहे थे. वह जैसे ही टेकरी कट हाई-वे पर पहुंचे तो सामने से आ रही बस नं. यूपी 93 बी.टी. 9989 वेतवन्ती के चालक ने तेजी व लापरवाही से बस चलाते हुये उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उसके भाई, भाभी व भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गये व बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी. घायलों को उपचार के लिए सीएचसी तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को झांसी रेफर कर दिया गया, जहां भाई भैय्यन को मृत घोषित कर दिया.

शराब दुकानों में तोड़फोड़ व लूटपाट

खितवांस के आबकारी ठेकेदारों ने नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई, राजस्व को हानि पहुंचाने का आरोप

नवभारत न्यूज

ललितपुर 4 फरवरी. खितवांस में देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों में आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने एकराय होकर ताला तोड़ा, सीसीटीवी कैमरे तोड़े, डीवीआर ले गये और दुकानों में रखी देशी व अंग्रेजी शराब को लूट लिया, लूटी गयी शराब को सड़क पर फेंकते हुये नष्ट कर दिया गया.

लाखों रुपये की शराब बर्बाद करने, लूटपाट करने और सेल्समैनों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुये लोक व्यवस्था भंग करते हुये सरकार को राजस्व की हानि पहुंचाने के मामले में अब प्रशासन और पुलिस सख्त हो गयी है. आबकारी ठेकेदारों की तहरीर पर आधा सैकड़ा से अधिक लोगों के खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं में एफआईआर दर्ज की गयी है. कोतवाली महरौनी के ग्राम सिलावन में रहने वाले रोहित राय ने पुलिस को बताया कि उसकी ग्राम खितवांस में कम्पोजिट शराब की दुकान आवंटित है.

ठेका देशी शराब में सेल्समैन ग्राम खजुरिया निवासी हितेन्द्र कुमार राय व प्रवेन्द्र राय मौजूद थे. इसी बीच खितवांस के विक्रम पुत्र गोवर्द्धन, बलराम पुत्र हरीराम, निर्मल पुत्र मनीराम, सत्येन्द्र पुत्र रमाकान्त, सुधीर पुत्र अमान, विनोद पुत्र बुद्धे, मुन्ना खां पुत्र बादल खां, गजराम पुत्र प्रेमचंद्र, संतोष पुत्र पुनू, फूलचंद्र पुत्र खुशीलाल, अंकित पुत्र स्व.रामसिंह, राहुल पुत्र दीपचंद्र, जोधा पुत्र रामचंदे, नीलू पुत्र मनी, धरमू पुत्र धनु कुशवाहा, धनीराम पुत्र रामदीन, ललिता पत्नी गोपी, गुलाबबाई पत्नी पुनू, कमलेश पत्नी जुजू उर्फ बद्रीप्रसाद, अंशुल पुत्र कौशल किशोर व अन्य कैमरे में कैद कई लोगों ने एकराय होकर सेल्समेन से कहा कि उनके परिजनों ने शराब में बहुत पैसा दिया है. अब सभी को दो-दो लाख रुपये दो नहीं तो दुकान चलाने नहीं देंगे और तोड़ देंगे. सेल्समैनों ने जब मना किया तो उक्त लोगों ने दुकान में जबरन घुसकर सेल्समैनों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी. लोगों ने खिड़की तोड़कर अंदर घुसकर वहां पर लगे पांच सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए.

किसी भी युग में ब्राह्मणों का अपमान विनाशकारी साबित हुआ : प्रेमभूषण महाराज

नवभारत न्यूज

सागर 4 फरवरी. ब्राह्मणों का आवेश करोड़ों कुलों का नाश कर देता है, इनका अपमान करने का परिणाम प्रतापी राजा प्रताप भानु ने देखा था. ब्राह्मणों का अपमान कभी भी नहीं होना चाहिए. रामजी भी वाल्मीकि मुनि से यही कहते हैं कि हमारे रहने से किसी साधु, संत, तपस्वी को क्लेश ना हो ऐसा स्थान बताइए जहां मैं जाकर रहूं.

मनुष्य रूप में आए भगवान ने धरती पर ब्राह्मणों का इतना मान रखा तो आज भी इसका पालन अवश्य किया जाना चाहिए, इसी में हमारा और जगत का कल्याण है.

उक्त बातें रुद्राक्ष धाम में निर्मित कथा मंडप में सप्त दिवसीय श्री राम कथा का गायन में प्रेमभूषण महाराज ने व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए कहीं. कथा श्रवण हेतु कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल का आगमन हुआ. कथा आयोजन में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 6 फरवरी को तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 5 फरवरी को शामिल होंगे.

प्रेमभूषण महाराज ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने भगवान श्री राम को बताया है कि जिसके पांव अनायास ही तीर्थ यात्रा में पहुंच जाएं, आप उनके मन में निवास करते हैं. श्री राम जी की कथा त्याग की कथा है, अयोध्या जी में चक्रवर्ती जी के जाने के बाद केवल राज परिवार का ही नहीं बल्कि आम जनता में भी हम जो त्याग का भाव पाते हैं वह आज अनुकरण करने योग्य है. इस कथा में भरत चरित्र सुनने के बाद हमें भगवान का प्रेम प्राप्त करने का सूत्र मिलता है और यह सूत्र है रामहि केवल प्रेम पियारा. प्रेमभूषण महाराज ने कहा कि भरत भैया इस प्रेम की साक्षात प्रतिमूर्ति हैं जो सदा प्रभु श्रीराम के कहने में रहते हैं. यही कारण है कि बार-बार प्रभु श्रीराम लोगों को यह कहते हुए देखे जाते हैं कि आप हमें हमारे भरत भैया से भी ज्यादा प्रिय हो. मनुष्य सबसे अधिक प्रेम उसी को करता है जो व्यक्ति उसके कहने में रहता है. श्री राम कथा का श्रवण करने के समय अगर हम भरत जी के चरित्र का दर्शन करते हैं तो हमें पता चलता है कि सभी भाइयों में श्री राम जी भरत जी को सबसे ज्यादा प्यार करते हैं और उन पर ज्यादा भरोसा करते हैं. इस आयोजन के मुख्य यजमान पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक भूपेंद्र सिंह ने सपरिवार व्यास पीठ का पूजन किया और भगवान की आरती उतारी. आज भी अनेक संत महात्मा श्रीराम कथा श्रवण हेतु पहुंचे जिनमें ऋषिकेश से आए त्रिदंडी स्वामी श्रीमद् शक्ति प्रसाद शामिल रहे.

सुंदरकांड पाठ

सागर. पटवा मंदिर, बाघराज वार्ड में संकल्प फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सुंदरकांड पाठ का पावन कार्यक्रम संपन्न हुआ. सुंदरकांड पाठ के दौरान प्रभु श्रीराम के नाम-स्मरण और चौपाइयों के सामूहिक उच्चारण से मंदिर परिसर ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र भक्तिमय, सकारात्मक और राममय ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा. इस अवसर पर संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष रिशांक तिवारी ने कहा सुंदरकांड पाठ जैसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने, सकारात्मक सोच को प्रबल करने और नई पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं.